समाचार

# बाढ़ व जल भराव समस्या की सूचना निगम के कंट्रोल रूम में दें

कोरबा 17 जून 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे बाढ़ व जलभराव की समस्या आदि की सूचना निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 07759–226672 पर देवें, इसके साथ ही शिफ्टवार तैनात कर्मचारियों के मोबाईल नम्बर में भी उक्त सूचना दी जा सकती है।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में अतिवृष्टि बाढ़ एवं निचले क्षेत्रों में जलभराव की समस्या आदि के निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07759–226672 है, नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो प्राप्त शिकायतों को पंजीबद्ध कर आवश्यक कार्यवाही हेतु रोस्टर अनुसार नियुक्त किए गए जोनल कमिश्नर को सूचना देंगे तथा संबंधित जोनल कमिश्नर इस पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे। उक्त दूरभाष क्रमांक के अतिरिक्त प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक मोबाईल नम्बर 9179599727 या 8085382679 पर, दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक मोबा.नं. 7987157088 या 7999652716 पर तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक 9907102104 या 7773007178 पर यह सूचना दी जा सकती है।

सूचना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित हो– आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने अतिवृष्टि बाढ़ व जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु अधिकारी कर्मचारियों को जवाबदारी देते हुए उन्हें निर्देश दिए हैं कि वे सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराएं, जे.सी.बी. मशीन व अन्य मशीन तथा श्रमिकों के दल से युक्त दस्ता चौबीसों घंटें तैयार रखें। नियंत्रण कक्ष में तैनात किए गए कर्मचारी अनिवार्य रूप से फोन अटेंड करें तथा बाढ़ जलभराव आदि की सूचना प्राप्त होते ही उसे पंजीबद्ध कर इसकी सूचना संबंधित जोन कमिश्नर को तत्काल प्रेषित करें।

पानी निकासी हेतु रातभर जुटा रहा निगम अमला–मानसून के आगमन के साथ ही मंगलवार–बुधवार की दरम्यानी रात को कोरबा शहर में तेज वर्षा हुई, जिससे शहर में स्थित नाले व नालियों में काफी मात्रा में पानी जमा हुआ, कहीं–कहीं सड़कों पर भी पानी के भराव की स्थिति पैदा हुई। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के निर्देश पर निगम अमले द्वारा मानसून की पहली तेज बरसात पर सतत नजर रखी जा रही थी, जैसे ही नाले, नालियों व सड़कों में पानी का अधिक भराव शुरू हुआ, सतर्क निगम के अमले ने रात्रि में ही विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर जे.सी.बी. एवं विभिन्न माध्यमों से पानी की समुचित निकासी कराई तथा जल भराव की स्थिति को रोका। घंटाघर से महाराणा प्रताप चौक की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित पावर हाईट्स के समीप से निकलने वाले बड़े नाले व सड़क से पानी की निकासी कराने के साथ–साथ राजेन्द्र प्रसाद नगर, पम्प हाउस, अमरैयापारा, मुड़ापार तालाब, शांतिनगर, रिंग रोड, चेकपोस्ट, चिमनीभट्ठा एरिया सहित अन्य क्षेत्रों से पानी की निकासी कराकर जल भराव की स्थिति को रोका गया।